मैं तो प्यासा हु तेरी नौकरी का माँ

मुझे नौकर माँ बना ले अपने चरणों में लगा ले,
मैं तो प्यासा हु तेरी नौकरी का माँ,
मुझे नौकर माँ बना ले अपने चरणों में लगा ले,

धन दौलत न भये मुझको,
नौकरी अगर मिल जाये,
तेरे आँचल के साये में जीवन ये कट जाये,
मुझे बेटा माँ समज ले अपने आंचल में तू रखले,
मैं तो प्यासा हु तेरी नौकरी का माँ,

तेरे सहारे चल जायेगा मेरा ये परिवार,
भूल नहीं सकता जीवन भर तेरा ये उपकार,
किसी कोने में जगह दे दिल की हसरत ये मिटा दे,
मैं तो प्यासा हु तेरी नौकरी का माँ,

कह दे दया की सागर है तू,
सब के मन की जाने,
माफ़ गुन्हा को मेरे कर मुझको माँ अपना ले,
इतना किरपा माँ बस करदे तू कमल को ऐसा वर दे,
मैं तो प्यासा हु तेरी नौकरी का माँ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7691/title/main-to-pyasa-hu-teri-nokari-ka-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |